दिनांक 26.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के समस्त अधिकारी, कर्मचारी प्रतिदिन विभागीय कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्यालय के ध्वजारोहण स्थल पर राष्ट्रगान कर कार्य प्रारम्भ कर रहें हैं। महापौर व विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन एवं आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देश पर निगम में एक नई परिपाटी की शुरुआत की गई है। राष्ट्रगान पश्चात् किसी एक अधिकारी व कर्मचारी द्वारा सुविचार व्यक्त किया जाता है। आयुक्त ने कर्मचारियों से अपने विचार बांटते हुए कहा कि स्वर्णिम सुबह प्रतिदिन एक नई उर्जा लेकर आती है जिससे हमें प्रसन्नचित्त होकर कार्य प्रारम्भ करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होने कहा कि निगम में आना वाला व्यक्ति अपनी समस्याओं को लेकर उसके निदान की आस लेकर आता है कार्य की अपनी एक गति एवं समय सीमा होती है हर कार्य समय आने पर निश्चित पूर्ण होता है। लेकिन कार्य करने वाले हर अधिकारी एवं कर्मचारी की जिम्मेदारी है निगम में आने वाले हर नागरिक के चेहरे पर मुस्कान बिखेर सके।

इसके पश्चात् आयुक्त ने कर्मचारी संघ की मांग पर अपने द्वारा किये गये केंटीन खोले जाने की घोषणा के लिए स्थल चयन करने मुख्य कार्यालय के विभिन्न स्थलों का अवलोकन किये। उन्होने वर्तमान में वाहन शाखा संचालन कक्ष को केंटीन के रुप में खोले जाने के लिए चयनित कर उचित स्थल बताया। आयुक्त श्री सुंदरानी ने गरिमामय प्रतिदिन ध्वजारोहण हो उसके पश्चात् राष्ट्रगान सम्पन्न हो इस व्यवस्था के लिए उन्होने भवन संधारण विभाग को मुख्य कार्यालय के पश्चिम दिशा में निर्मित नये भवन के सामने ध्वजारोहण स्थल हेतु छोटा मंच एवं स्तम्भ बनाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने मुख्य कार्यालय के विभिन्न स्थलों पर पड़े बेतरतीब अनुपयोगी सामग्री को हटाकर केन्द्रीय भण्डार गृह भेजने के निर्देश भी दिये। आयुक्त के मुख्य कार्यालय भ्रमण के दौरान अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी मूर्ति शर्मा, भवन संधारण के दौलत चन्द्राकर, रामप्रवेश, स्टेनो पुरुषोत्तम साहू, सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी